आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 17.09.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों की भागीदारी से देश तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कचरा मुक्त शहर स्टार प्रमाणीकरण के आधार पर सफाई मित्रों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि।
- प्रदेशभर में आज गणेश चतुर्थी पर निकाले जा रहे चल समारोह और गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन।
- भारत ने आज मेजबान चीन को 1–0 से हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार पुरुष हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

प्रधानमंत्री–ओडिसा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश महिलाओं, किसानों, युवाओं, गरीबों और मध्य वर्ग के लोगों की भागीदारी से तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। श्री मोदी ने भुवनेश्वर के जनता मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गए हैं और इस दौरान अनेक परियोजनाओं तथा योजनाओं की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के पहले सौ दिनों के दौरान बेघर लोगों के लिए तीन करोड़ पक्के आवासों, 25 हजार गांव में पक्की सड़कें, मेडिकल कॉलेजों में 75 हजार अतिरिक्त सीटें, सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना और निजी क्षेत्र में युवाओं को पहली नौकरी तथा पहला वेतन जैसे कार्यों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को विकसित राष्ट्र की राह में बाधा पहुंचाने वाली तथा घृणा और हिंसा में विश्वास रखने वाली ताकतों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

मप्रः जन औषधि केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश के 50 जिला अस्पतालों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन किया। इनका संचालन रेडक्रॉस के जरिए किया जाएगा। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा ––––

कार्यक्रम में भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टार रेटिंग मिलने पर नगर निगम के 8 हजार 117 सफाई मित्रों को 5–5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सिंगल क्लिक से राशि खातों में ट्रांसफर की। इसके अलावा, 51 हजार प्रधानमंत्री आवासों का गृह प्रवेश भी किया गया।

आज भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर विभिन्न विकासपरक योजनाओं की प्रगति और उनसे गरीबों व वंचितों के जीवन में आई समृद्धि को अभिव्यक्त करती प्रदर्शनी भी लगायी गयी।

भाजपा–प्रधानमंत्री जन्मदिन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आज सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। श्री नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा गरीबों, वंचितों, दलितों, युवाओं और किसानों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए काम किया है।

प्रसार भारती–हिन्दी दिवस

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए हिन्दी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। आज नई दिल्ली में प्रसार भारती सचिवालय में हिन्दी दिवस के संबंध में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सहगल ने कहा कि हिन्दी बोलने में सरल और आसानी से समझ में आने वाली भाषा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनियाभर में बड़े–बड़े मंचों पर अपने भाषण हिन्दी में देते हैं। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कार्यालयों में रोजमर्रा के कार्यों में हिन्दी के इस्तेमाल पर जोर दिया। आकाशवाणी की

महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन महानिदेशक कंचन प्रसाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

राष्ट्रपति इंदौर

इंदौर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 18 और 19 सितंबर के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए इंदौर विमानतल और कार्यक्रम स्थल को उड़ान निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। 17 सितंबर से 19 सितंबर तक विमानतल सहित मृगनयनी एम्पोरियम एमजी रोड, रेसीडेंसी कोठी और खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय उड़ान निषिद्ध क्षेत्र रहेंगे। विमानतल और कार्यक्रम स्थल के 3 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन, पैरा ग्लाइडर और अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट उड़ाने पर रोक रहेगी। राष्ट्रपति 18 सितम्बर को मृग नयिनी एम्पोरियम जाने और 19 सितम्बर को देवी अहिल्या विश्वविद्याल के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने का कार्यक्रम है।

अनंत चतुर्दशी व विश्वकर्मा जयंती...

प्रदेशभर में आज अनंत चतुर्दशी और विश्वकर्मा जयंती उत्साह और परम्परा के साथ मनाई जा रही है। कल शाम से राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न स्थलों से झांकियों के निकलने और गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। जबलपुर जिले में भगवान गणपति का विसर्जन पूर्ण विधि विधान के साथ किया जा रहा है। भटौली के कुण्ड में छोटी–बड़ी 10 हजार से ज्यादा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। शहडोल जिले में 109 स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं विसर्जन किया जा रहा है। विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। 300 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित तकनीकी कक्ष में भगवान विश्वकर्मा की पूजा–अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सर्वोच्च वास्तुकार, यांत्रिकी विज्ञान और स्थापत्य वेद का निर्माता माना जाता है। वहीं शहडोल जिले में औद्योगिक केंद्रों और प्रतिष्ठानों में पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जा रही है। रेल कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की है। अशोकनगर में स्थानीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में कर्मशाला और प्रयोगशालाओं में मशीन–उपकरणों की पूजा कि गई।

पौधरोपण

आकाशवाणी भोपाल में आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। आकाशवाणी के आनंद नगर स्थित ट्रांसमीटर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान आकाशवाणी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सौ से ज्यादा पौधे लगाए। साथ ही विश्वकर्मा जयंती और गणेश उत्सव का आयोजन भी किया गया। इसके तहत सुंदरकाड पाठ, विश्वकर्मा पूजन, भंडारे और गणेश विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान आकाशवाणी भोपाल के केंद्र प्रमुख और उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) यशवंत चिवंडे, समाचार एकांश की प्रमुख और निदेशक (समाचार) पूजा पी वर्धन सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी मां की स्मृति में पौधे लगाए।

हॉकी

हॉकी में, भारत ने आज हुलुनबुइर में मेजबान चीन को 1–0 से हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती। एक बेहद रोमांचक मुकाबले में, भारत के जुगराज सिंह ने चौथे क्वार्टर में खेल का एकमात्र गोल किया। टीम इंडिया, जो गत चैंपियन थी, पांच खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल टीम है।

कुपोषण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कुपोषण के विरुद्ध युद्ध में मध्यप्रदेश मिशन मोड पर सक्रिय है। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश में कुपोषण के आंकड़ों में बड़ी गिरावट आई है। कुल कुपोषण के स्तर में गिरावट वाले राज्यों में मध्यप्रदेश दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में कम वजन वाले बच्चों के आंकड़ों में 45 फीसदी, दुबलापन के आंकड़ों में 45.9 फीसदी, गंभीर दुबलापन में 48.7 फीसदी एवं ठिगनापन में 28.7 फीसदी की कमी दर्ज की गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुरैना–श्योपुर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने आज से प्रारंभ हुए स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा घर के साथ–साथ आसपास के वातावरण में स्वच्छता होनी चाहिए।
- शहडोल जिले के आखेट पुर गांव में तिलहन फसल प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इसका आयोजन अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तिल और रामतिल के अंतर्गत किया गया था।
- **नर्मदापुरम जिले में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' की थीम पर संचालित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 का शुभारंभ ग्राम पंचायत निमसाड़िया में राज्य सभा सांसद माया नारोलिया के द्वारा किया गया।**
- **सीहोर जिले में ही स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय तथा कलेक्ट्रेट परिसर में झाडू लगाकर तथा कचरा उठाकर परिसर को साफ किया गया।**

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों की भागीदारी से देश तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कचरा मुक्त शहर स्टार प्रमाणीकरण के आधार पर सफाई मित्रों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि।
- प्रदेशभर में आज गणेश चतुर्थी पर निकाले जा रहे चल समारोह और गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन।
- भारत ने आज मेजबान चीन को 1–0 से हराकर रिकॉर्ड पांचवीं बार पुरुष हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

....................